Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding naming of Silchar an airport after Dr. Shyama Prasad Mukherji.

डॉ. राजदीप राय (सिल्चर): अध्यक्ष महोदय, हमने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति या फोटो देख कर अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू की है । डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जब भारत की कैबिनेट छोड़ कर पहली बार नॉर्थ ईस्ट में दौरा करने गए थे, अपने लिए मत जुटाने के लिए गए थे, जब वे सिल्चर के एयरपोर्ट पर पहुँचे तब बहुत सारे लोग उनका स्वागत करने के लिए आए थे । मेरी आपके माध्यम से माँग यह है कि सिल्चर का जो एयरपोर्ट है, एयरफोर्स के अंदर है और एक नया एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जो ग्रीन फील्ड प्रोजेक्ट है । मैं इन दोनों में से एक एयरपोर्ट का नाम डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर करने का प्रस्ताव रखता हूँ । भारतवर्ष में बहुत बड़े-बड़े फ्रीडम फाइटर या पोलिटिशयन के नाम पर एयरपोर्ट हैं, लेकिन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर कोई एयरपोर्ट नहीं है । मैं यह प्रस्ताव रखता हूँ । धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को डॉ. राजदीप राय द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।